तेजस विमानों की डिलीवरी

भारत सरकार ने मलेशिया को 18 हल्के लड़ाकू विमान (LCA) "तेजस" बेचने की पेशकश की है।

- अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, मिस्र, अमेरिका, इंडोनेशिया और फिलीपींस इन छह देशों ने सिंगल-इंजन तेजस फाइटर जेट को खरीदने में अपनी दिलचस्पी दिखाई है।
- भारत सरकार ने वर्ष 2021 में राज्य के स्वामित्व वाली हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को तेजस जेट विमानों की वर्ष 2023 तक डिलीवरी हेतु 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुबंध दिया था।

तेजस विमान:

- **परिचय:**
  - लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA) कार्यक्रम को भारत सरकार द्वारा वर्ष1984 में शुरू किया गया था, जिसके बाद सरकार द्वारा LCA कार्यक्रम का प्रबंधन करने हेतु वैमानिकी विकास एजेंसी (Aeronautical Development Agency-ADA) की स्थापना की गई।
  - यह पुराने मिग 21 लड़ाकू विमानों का स्थान लेगा।
- **डिज़ाइन:**
  - LCA का डिज़ाइन 'रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग' के तहत संचालित 'वैमानिकी विकास एजेंसी' द्वारा तैयार किया गया है।
- **विनिर्माण:**
  - सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा।
- **विशेषताएँ**
  - यह अपने वर्ग में **सबसे हल्का, सबसे छोटा और टेललेस (Tailless)** मल्टी-रोल सुपरसोनिक लड़ाकू विमान है।
  - यह हवा-से-हवा, हवा से सतह, सटीक-निर्देशित, हथियारों की एक रेंज को ले जाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
  - यह यात्रा के दौरान आकाश में ईंधन भरने में सक्षम है।
  - इसकी अधिकतम पेलोड क्षमता 4000 किलो. है।
  - यह अधिकतम 1.8 मैक की गति प्राप्त कर सकता है।
  - इस विमान की रेंज 3,000 किमी. है।
- **तेजस के प्रकार:**

- **तेजस ट्रेनर**: यह वायु सेना के पायलटों के प्रशिक्षण के लिये 2-सीटर परिचालन ट्रेनर विमान है।
- **LCA नेवी:** भारतीय नौसेना के लिये दो और एकल-सीट वाहक को ले जाने में सक्षम विमान।
- **LCA तेजस नेवी MK2:** यह LCA नेवी वैरिएंट का दूसरा संस्करण है।
- **LCA तेजस Mk-1A:** यह LCA तेजस Mk1 का एक हाई थ्रस्ट इंजन के साथ अद्यतन रूप है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tejas-jets-for-delivery